8(च) - 4

179

पत्र सं0—20 / क्षे0स्था0—08 (स्थानांतरण)—60 / 2016 8593 /

**बिहार सरकार**

**सामान्य प्रशासन विभाग**

निबंधित
ई—मेल

प्रेषक,

कन्हैया लाल साह,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी।

पटना, दिनांक 31/5 /2022

**विषयः—** **समाहरणालय संवर्ग के अराजपत्रित कर्मियों के स्थानांतरण—पदस्थापन के संबंध में।**

**प्रसंगः—** **सामान्य प्रशासन विभाग का पत्रांक—5762 दिनांक—16.06.2020**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में समाहरणालय संवर्ग के लिपिक / आशुलिपिक / चालक / कार्यालय परिचारी के अंतर प्रमंडलीय / अंतर जिला स्थानांतरण—पदस्थापन के प्रस्ताव के साथ कर्मियों के सेवा—इतिहास व विवरणी उपलब्ध कराई जाती है। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि सभी जिलों से प्राप्त सेवा—इतिहास व विवरणी में एकरूपता नहीं रहती है।

2. इस प्रकार के मामले में त्वरित कार्रवाई करने एवं एकरूपता के दृष्टिकोण से एक विहित प्रपत्र (चेक लिस्ट) इसके साथ संलग्न की जा रही है।

3. अनुरोध है कि उपर वर्णित श्रेणी के कर्मियों के अंतर प्रमंडलीय / अंतर जिला स्थानांतरण—पदस्थापन के प्रस्ताव के साथ संबंधित कर्मियों का सेवा— इतिहास एवं विवरणी विहित प्रपत्र में आवश्यक प्रविष्टियों के साथ उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

**अनु0—यथोक्त।**

विश्वासभाजन

31.5.22
(कन्हैया लाल साह)
सरकार के अवर सचिव।

E/Singh/NK/Transfer/.docx ------218

सामान्य प्रशासन विभाग का पत्रांक–20/क्षे0स्था0–08–(स्थानान्तरण)–60/2016–8593 दिनांक–31/5/2022

सामान्य प्रशासन विभाग के नियंत्रणाधीन क्षेत्रीय संवर्ग (आशुलिपिक, लिपिक, वाहन चालक तथा परिचारी) के कर्मियों के अन्तर्जिला स्थानान्तरण/पदस्थापन हेतु विहित प्रपत्र :–

## सेवा इतिहास

| क्रमांक | बिन्दु | प्रविष्टियाँ |
|---|---|---|
| 1 | सरकारी सेवक का नाम | |
| 2 | पदनाम | |
| 3 | जन्म तिथि | |
| 4 | सेवा में प्रथम नियुक्ति की तिथि तथा सेवा/पद का नाम | |
| 5 | वर्तमान संवर्ग/पद पर नियुक्ति /योगदान की तिथि | |
| 6 | रिक्ति की सूचना (पदस्थापन चाहने वाले जिलों से अपेक्षित) | |
| 7 | सरकारी सेवक की आरक्षण कोटि | |
| 8 | वेतनमान एवं वर्तमान मूल वेतन | |
| 9 | गृह जिला | |
| 10 | जिस जिला में पदस्थापन चाहते हैं, उसका नाम तथा कारण | |
| 11 | हिन्दी टिप्पण प्रारूपण परीक्षा उत्तीर्णता की तिथि | |
| 12 | लेखा परीक्षा उत्तीर्णता की तिथि | |
| 13 | सेवा सम्पुष्टि की तिथि | |
| 14 | निगरानी स्वच्छता की स्थिति | |
| 15 | अनापत्ति के संबंध में जिला पदाधिकारी का मंतव्य | |
| 16 | अन्य किसी प्रकार की अभियुक्ति | |

जिला पदाधिकारी का पूरा नाम/हस्ताक्षर
(तिथि मुहर सहित)

31.5.22